आकाशवाणी चंडीगढ़

22 जून 2025, समय 1810

**मुख्य समाचार :-**

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि योग, शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।
- हरियाणा में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चले अभियान में 37 लाख, 56 हज़ार से अधिक लोगों ने भागीदारी की।
- हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार शीघ्र नई औद्योगिक नीति लायेगी। 10 नये मॉडल औद्योगिक टाऊनशिप विकसित किए जायेंगे।
- फरीदाबाद जिले में कल से 28 जून तक विशेष टीकाकरण अभियान सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।
- मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 28 जून तक अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना जताई।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि योग, शरीरिक स्वास्थ्य ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इससे न केवल रोग ठीक होते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। एक निजी चैनल से साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने कोरोनाकाल का अपना अनुभव साझा करते हुए बताया –

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग के महत्व को देखते हुए सभी कार्यालयों में भी योग के लिए **वाये ब्रेक** शुरू किया गया है।

***************************************************************************

हरियाणा में **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** तक चले अभियान में 37 लाख, 56 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेशभर में **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** पर आयोजित योग सत्रों में कुल 7 लाख,11 हजार, 246 व्यक्तियों ने भाग लिया, जबकि लगभग 30 लाख, 45 हजार लोगों ने योग दिवस तक लगातार चले अभियान में शिरकत की। मंत्री ने बताया कि अकेले कुरुक्षेत्र में आयोजित मुख्य राज्य स्तरीय "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" कार्यक्रम में एक लाख, एक हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंत्री ने बताया कि इस अभियान के दौरान हरित योग' पहल के तहत 2 लाख, 2 हजार, 270 पौधे भी लगाए गए। कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि इस **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान** की अभूतपूर्व सफलता से

'योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा' के संदेश को बल मिला है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी भागीदारी लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाती है।

***************************************************************************प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों की सराहना की है। कल विशाखापत्तनम में 3 लाख से अधिक लोगों के साथ अब तक के सबसे बड़े योगाभ्यास का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि योगांध्र पहल और विशाखापत्तनम का कार्यक्रम कई लोगों को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि योग एक बार फिर लोगों को एक साथ लाया है।

***************************************************************************राष्ट्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय बदलाव से गुजरा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति की बात कर रहे हैं - जो साहसिक सुधारों, रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि और स्वच्छ, विश्वसनीय और समावेशी ऊर्जा के लिए एक मजबूत प्रयास का एक दशक है।

*पिछले एक दशक में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र मे मजबूत वृद्धि हुई है। जून 2025 तक, देश की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 476 गीगावाट तक पहुँच गई है, जिसमें आधे से अधिक ऊर्जा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आ रही है। सिर्फ नवीकरणीय ऊर्जा से ही 226 गीगावाट की क्षमता प्राप्त हुई है जिससे भारत अब सौर ऊर्जा में दुनिया में तीसरे और पवन ऊर्जा में चौथे स्थान पर है। अप्रैल 2018 तक भारत के 100 प्रतिशत गाँवों का विद्युतीकरण हो गया था और तब से 2 दशमलव 8 करोड़ से अधिक घरों को ग्रिड से जोड़ा गया है। बिजली की कमी 2014 में 4 प्रतिशत से घटकर अब सिर्फ शून्य दशमलव एक प्रतिशत रह गई है, जबकि प्रति व्यक्ति बिजली खपत में 45 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पीएम-सूर्य घर योजना देश भर में घरों को रोशन कर रही है, वहीं पीएम-कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई प्रणाली प्रदान कर रही है। पवन ऊर्जा क्षेत्र में क्षमता दोगुनी हो गई है और जलविद्युत, बायोमास और परमाणु ऊर्जा में भी स्थिर वृद्धि जारी है। इसी बीच, भारत का कोयला क्षेत्र आत्मनिर्भरता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक किया गया है जिसके चलते रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और आयात पर निर्भरता में महत्वपूर्ण कमी भी आई है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से लेकर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन तक, भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि एक स्वच्छ भविष्य की ओर भी बढ़ रहा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अक्षित वेद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

***************************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

**************************************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि सरकार का स्टार्टअप से लेकर 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव है। उद्योग मंत्री ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की शीघ्र ही नई औद्योगिक नीति लाने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले 5—6 वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में नया बदलाव देखने को मिले, उद्योग मंत्री के रूप में यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के साथ लगते मेवात में नई आईएमटी विकसित की जाएगी।

**************************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा 13 जुलाई को दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई जाएगी। इस को लेकर भिवानी में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज भिवानी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने हिसार के लोगों को इस समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह करते हुए बताया –

श्री गंगवा ने बताया कि समारोह **में** मुख्यमंत्री नायब सैनी **मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे** तथा वंचित वर्ग की विभिन्न मांगों को पूरा करने के साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करेंगे। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा की सडक़ों की मरम्मत का काम तेजी से किया गया है। गड्ढो को भरने का कार्य बरसात से पूर्व 15 जून तक लगभग निपटा लिया गया है। जो गड्ढे बड़े स्तर के थे, उनके लिए टैंडर प्रक्रिया शुरू कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। पत्रकारों द्वारा प्रदेश के शराब ठेकेदारों पर गैंगस्टर द्वारा किए गए हमलों को लेकर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुलिस विभाग को कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए है या तो अपराधी हरियाणा छोड़ जाएंगे या उन्हें गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया जाएगा।

**************************************************************************

फरीदाबाद जिले में कल से 28 जून तक विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रचना मिश्रा ने बताया कि यह अभियान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा के निर्देशन में संचालित होगा। उन्होंने बताया-

उन्होंने कहा कि अभियान को जनसहयोग से सफल बनाया जाएगा। आशा वर्कर, ए.एन.एम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों की पहचान करेंगे और उन्हें टीकाकरण केंद्र तक लाने में मदद करेंगे। डॉ. रचना मिश्रा ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग ने इस दौरान 3288 बच्चों और 496 गर्भवती महिलाओं

को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि U-WIN ऐप के माध्यम से डिजिटल टीकाकरण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

*************************************************************************

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आज से 28 जून तक अनेक स्थानों पर और 25 व 26 जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। जबकि पंजाब में 24 जून को कुछेक स्थानों पर ही वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आज से 26 जून तक कहीं कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा भी हो सकती है। इसके अलावा विभाग द्वारा 22 से 28 जून तक बारिश के साथ गरज, चमक व आंधी चलने की संभावना भी जताई गई है।

*************************************************************************